6 ★ RR(B)/300/4508

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]

Total No. of Printed Pages : 12 ]

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]

Total No. of Questions : 38 ]

**B**

**CCE RR**
**UNREVISED**
**REDUCED SYLLABUS**

Question Paper Serial No. **300**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 12. 04. 2023 ] [ Date : 12. 04. 2023

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8**

1. 'ज्ञान' शब्द का विलोम रूप है –

(A) सुज्ञान (B) अज्ञान

(C) विज्ञान (D) जान

2. 'बहन' शब्द का पुल्लिंग रूप है –

(A) लड़का (B) बाप

(C) बेटा (D) भाई

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

(A) कहानी (B) किताब

(C) पैसे (D) कपड़ा

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रियारूप है –

(A) गिराना (B) गिरना

(C) गिरावट (D) गिर

5. परोपकार शब्द में संधि है –

(A) दीर्घ (B) वृद्धि

(C) गुण (D) यण

6. 'राजमहल' शब्द में समास है –

(A) कर्मधारय (B) द्वंद्व

(C) द्विगु (D) तत्पुरुष

7. मोटर उसके ऊपर से निकल गई !

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

(A) विस्मयादिबोधक (B) पूर्ण विराम

(C) प्रश्नवाचक (D) अल्प विराम

8. देश को तुम ..................... गर्व है ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

(A) में (B) का

(C) की (D) पर

**II. निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4**

9. इंटरनेट हैकिंग : अभिशाप : : इंटरनेट बैंकिंग : .......................

10. कुवेंपु : ज्ञानपीठ से पुरस्कृत : : डॉ. सी. एन. आर. राव : .......................

11. गिल्लू : रेखाचित्र : : ईमानदारों के सम्मेलन में : ...................

12. कृष्ण को चिढ़ाने वाला : बलराम : : कृष्ण को मनाने वाली : ... ................

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4**

13. टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है ?

14. कर्नल का नाम क्या था ?

15. कवि किसे प्रणाम कर रहे हैं ?

16. दिनकर जी के अनुसार आज की दुनिया कैसी है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : 8 × 2 = 16**

17. चप्पलों की चोरी होने पर ईमानदार डेलिगेट ने क्या सुझाव दिया ?

18. बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ?

19. आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ?

20. प्रेमचंद के अनुसार सेब का क्या महत्व है ?

21. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

22. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?

23. शनि ग्रह के उपग्रहों के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

'शनि ग्रह' सौरमंडल का अत्यंत सुंदर ग्रह है । कैसे ?

24. 'सत्य की महिमा' पाठ में किन-किन महान् व्यक्तियों का उल्लेख किया गया है ?

**अथवा**

सत्य की शक्ति के बारे में महात्मा गाँधी जी का क्या कथन है ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9 × 3 = 27**

25. लेखिका के प्रति गिल्लू की ममता का वर्णन कीजिए ।

26. जलालुद्दीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए ।

27. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

28. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेन्द्री ने क्या-क्या किया ? विवरण दीजिए ।

29. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

30. कविता में मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कैसे किया है ? बताइए ।

31. कविता के आधार पर समय के महत्व को समझाइए ।

32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक ।

पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

प्रकृति हमारी माता है । इसलिए हमें प्राकृतिक संपत्ति का सदुपयोग करना चाहिए । अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य है ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : $2 \times 4 = 8$**

34. राजकिशोर के दया गुण और सेवा भाव का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

[ Turn over

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ................................................

...............................................................

...............................................................

................................................ भागो तुम ।

**VII.** 36. **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**1 × 4 = 4**

विवेकानंद रोज व्यायाम करते थे । इसलिए उनका शरीर स्वस्थ और सुंदर था । उनकी बुद्धि प्रखर थी । वे मृदुभाषी थे । बचपन से ही उनका झुकाव धर्म और दर्शन की ओर था । भगवद्गीता उनकी प्रिय पुस्तक थी, जिसे वे रोज

पढ़ते थे । ईश्वर को देखने की प्रबल आकांक्षा बचपन से ही उनके मन में थी ।

विवेकानंद के अनुसार नास्तिक वह है जो अपने ऊपर विश्वास नहीं करता ।

अ) विवेकानंद का शरीर कैसा था ?

आ) विवेकानंद रोज कौन-सी पुस्तक पढ़ते थे ?

इ) विवेकानंद की प्रबल आकांक्षा क्या थी ?

ई) विवेकानंद के अनुसार नास्तिक कौन है ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

क) **ग्राम सुधार**

* प्रस्तावना
* गाँवों की समस्याएँ
* गाँवों को सुधारने के लिए सुझाव
* उपसंहार ।

ख) **जनसंख्या समस्या - समाधान**

∗ प्रस्तावना

∗ जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम

∗ परिहारोपाय

∗ उपसंहार ।

ग) **कर्नाटक राज्य**

∗ प्रस्तावना

∗ विषय प्रवेश

∗ कर्नाटक की विशेषताएँ

∗ उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. अपने घर में मनाये गये हर घर तिरंगा कार्यक्रम के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई सकारण देते हुए अपने मुख्य अध्यापक के नाम छुट्टी पत्र लिखिए ।